उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्रांकः पीआरपीबी–चार–10(39)/2024 दिनॉकः मई 20,2025

# सूचना/विज्ञप्ति

## चयन वर्ष 2024 के सापेक्ष पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के 54 रिक्त पदों को समूह "घ" के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाने हेतु टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।

इस बोर्ड की समसंख्यक सूचना/विज्ञप्ति दिनांक 16.04.2025 के क्रम में चयन वर्ष 2024 के सापेक्ष समूह "घ" से पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के 54 रिक्त पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाने हेतु "उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित)" के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 13.05.2025 को जनपद–लखनऊ में समस्त पात्र अभ्यर्थियों/कार्मिकों की टंकण (हिन्दी तथा अंग्रेजी) परीक्षा सम्पन्न की गयी।

2– उक्त टंकण परीक्षा में कुल 156 पात्र अभ्यर्थी में 144 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। टंकण परीक्षा में सम्मिलित 144 अभ्यर्थियों में से 02 अभ्यर्थी नियमानुसार निर्धारित समय में निर्धारित मानक पूर्ण कर टंकण (हिन्दी तथा अंग्रेजी) परीक्षा में सफल रहे तथा निर्धारित मानक पूर्ण न करने के कारण 142 अभ्यर्थी असफल रहे। टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों/कार्मिकों का विवरण निम्नवत् है :–

| क0सं0 | पी0एन0ओ0 | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | नियुक्ति जनपद/इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 150720038 | पंकज कुमार यादव | श्री लालजी यादव | 22.07.1994 | 42वीं वाहिनी पीएससी |
| 02 | 152730060 | दीपक कुमार | श्री राजधर मिश्रा | 20.08.1992 | उन्नाव |

3– संगत सेवा नियमावली के प्रावधान के अनुसार हिन्दी तथा अंग्रेजी टंकण परीक्षा में सफल उक्त 02 अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार की **लिखित परीक्षा दिनांक 28.05.2025 को जनपद लखनऊ में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 21.05.2025 को सायं 05:00 बजे बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेगे, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेंगे।** लिखित परीक्षा के विवरण/पाठ्यक्रम से बोर्ड की उक्त सूचना/विज्ञप्ति दिनांक 16.04.2025 के माध्यम से पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है। किसी गलत उत्तर के लिये कोई निगेटिव मार्किंग नहीं की जायेगी। लिखित परीक्षा हेतु 01 घण्टा 15 मिनट का समय निर्धारित। लिखित परीक्षा में 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहने वाले अभ्यर्थी पदोन्नति के लिये पात्र नहीं होंगे।

4– सभी प्रश्नों एवं उत्तर विकल्पों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिये सभी सावधानियाँ बरती गयी हैं। तथापि किसी विषय में कोई प्रश्न त्रुटिपूर्ण पाया जाता है, तो त्रुटिपूर्ण प्रश्नों को निरस्त किया जायेगा तथा निरस्त किये गये प्रश्नों के अंकों को उस भाग के शेष प्रश्नों में समान रूप से बांटने विषयक कार्यवाही रिट याचिका संख्याः 2669/2009 (एम0बी0) पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 राज्य लोक सेवा आयोग में स्वीकृत विधि व्यवस्था के आधार पर निम्न सूत्र के अनुसार की जायेगी :–

<u>सूत्र :–</u>

$$\frac{\text{प्रश्न के उस भाग के पूर्णांक}}{\text{प्रश्नपत्र में कुल प्रश्नों की संख्या– निरस्त प्रश्नों की संख्या}} \times \text{अभ्यर्थी के सही प्रश्नों की संख्या}$$

5– अगर परीक्षा के दौरान कोई अभ्यर्थी नकल करते हुये अथवा अनुचित संसाधनां का प्रयोग करते हुये पाया जाता है तो बोर्ड उसका अभ्यर्थन निरस्त कर सकता है एवं इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी के विरूद्ध आपराधिक अभियोग भी पंजीकृत कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

6– यह सूचना सर्वसाधारण के लिये प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उसके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

**अपर सचिव,/प्रोन्नति**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।